प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 6 हजार 450 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया।

इस दौरान कांग्रेस नेता प्रदीप यादव ने जेपीएससी कट ऑफ डेट पर तत्काल निर्णय की मांग की, ताकि छात्रों को आवेदन का लाभ मिले। वहीं, विधायक पूर्णिमा साहू ने बीएड छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति आने तक फीस में छूट की अपील की।

****

कोडरमा सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नगर निकाय चुनावों के लिए कोडरमा में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों का प्रचार किया। उन्होंने मतदाताओं को बैलेट पेपर से मतदान की प्रक्रिया समझाई और राज्य सरकार पर ईवीएम की बजाय मतपत्रों का उपयोग कर गड़बड़ी की साजिश रचने का आरोप लगाया।

****

उधर, सिमडेगा में भाजपा के प्रदेश सह प्रवक्ता अशोक बड़ाईक ने प्रत्याशी रामविलास बड़ाईक के समर्थन में चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। इसमें बेहतर पेयजल, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे और महिला–युवा सशक्तीकरण का वादा किया गया है। उन्होंने विकास और पारदर्शिता को प्राथमिकता बताते हुए कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क कर वोट मांगे।

****

रांची विश्वविद्यालय ने पीजी सेमेस्टर–2 की परीक्षाएं 17 मार्च तक टाल दी हैं, जो पहले 25 फरवरी से होनी थीं। मुख्य कारण नगर निकाय चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी, प्रस्तावित जेपीएससी परीक्षा और छात्रों की होली के बाद परीक्षा कराने की मांग है। विश्वविद्यालय ने इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के सेवा तीर्थ में एआई और डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि, पर्यावरण संरक्षण और मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई तकनीक के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। श्री मोदी ने मजबूत डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने गलत सूचनाओं के प्रति आगाह किया और देश की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आग्रह किया। यूपीआई को सरल और विस्तार योग्य डिजिटल नवाचार का एक मॉडल बताते हुए उन्होंने भारतीय कंपनियों में विश्वास व्यक्त किया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

****

साहिबगंज जिला प्रशासन ने रमजान और होली को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए समीक्षा बैठक की। उपायुक्त हेमंत सती ने संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी निगरानी, फ्लैग मार्च और मजिस्ट्रेटों की तैनाती के निर्देश दिए। इस दौरान डीजे, अश्लील गानों और अवैध शराब पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

****

राज्य में आज मौसम मुख्य रूप से शुष्क और साफ बना हुआ है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में सुबह के समय हल्की धुंध देखी गई, जिसके बाद खिली हुई धूप से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि 23 फरवरी तक मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन 24 फरवरी को राज्य के मध्य और दक्षिणी भागोंमें कहीं–कहीं हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं।

****

रांची में 83वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर की 9 जोनल रेलवे टीमें हिस्सा ले रही हैं। दक्षिण मध्य और पूर्व तट रेलवे जैसी प्रमुख टीमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ कड़ा मुकाबला कर रही हैं।

*********समाप्त*************